भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2501
उत्तर देने की तारीख 21 दिसम्बर, 2022

नए डाकघर

2501. श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का पूरे देश में नए डाकघर खोलने का विचार है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान खोले गए डाकघरों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान राजस्थान में खोले गए डाकघरों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले के बौली पंचायत समिति की मित्रपुर पंचायत में एक नया डाकघर खोलने का है; और

(ङ) यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) नए डाकघर खोले जाना एक सतत प्रक्रिया है। जरुरतमंद एवं न्यायोचित क्षेत्रों में डाक नेटवर्क की पहुंच को बढ़ाने के लिए मानदंडों के अनुसार, पदों की पुनर्तैनाती और डाकघरों को नए स्थानों पर बसाने के माध्यम से नए डाकघरों को खोला जाता है। इसके अतिरिक्त, नए पदों का सृजन करते हुए, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों (एलडब्ल्यूई) में नए डाकघर खोले गए हैं।

(ख) विगत 5 (पांच) वर्षों के दौरान, देशभर में 5639 डाकघर खोले गए हैं। डाक सर्कल-वार विवरण (राज्य और संघ राज्यक्षेत्र सहित) **अनुबंध** में प्रदान किया गया है।

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान, राजस्थान में खोले गए डाकघरों की संख्या **अनुबंध** में प्रदान की गई है।

(घ) और (ङ) राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले की बौली पंचायत समिति की मित्रपुर पंचायत में नया डाकघर खोले जाने के संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं है, क्योंकि उक्त क्षेत्र में एक शाखा डाकघर पहले से ही कार्य कर रहा है।

अनुबंध

"नए डाकघर" विषय के संबंध में दिनांक 21 दिसम्बर, 2022 के लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2501 के उत्तर के भाग (ख) और भाग (ग) में संदर्भित अनुबंध

क्र. सं.	**डाक सर्कल का नाम**	**विगत 5 वर्षों के दौरान खोले गए डाकघरों की संख्या**
1.	आंध्र प्रदेश	354
2.	असम	7
3.	बिहार	268
4.	छत्तीसगढ़	1142
5.	दिल्ली	11
6.	गुजरात (संघ राज्यक्षेत्र दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव सहित)	73
7.	हरियाणा	16
8.	हिमाचल प्रदेश	12
9.	जम्मू एवं कश्मीर (संघ राज्यक्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख सहित)	5
10.	झारखंड	909
11.	कर्नाटक	46
12.	केरल (संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप सहित)	13
13.	मध्य प्रदेश	530
14.	महाराष्ट्र (गोवा सहित)	860
15.	पूर्वोत्तर (अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम और नगालैंड सहित)	9
16.	ओडिशा	338
17.	पंजाब (संघ राज्यक्षेत्र चंडीगढ़ सहित)	38
18.	**राजस्थान**	**60**
19.	तमिलनाडु (संघ राज्यक्षेत्र पुदुच्चेरी सहित)	40
20.	तेलंगाना	517
21.	उत्तर प्रदेश	365
22.	उत्तराखंड	13
23.	पश्चिम बंगाल (सिक्किम और संघ राज्यक्षेत्र अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह सहित)	13
	कुल योग	**5639**

*****